Dabang Dunia (Indore), 29th November 2019, DD2, Page-3

# आईआईटी इंदौर को मिला क्यूएस एशिया में 188वां स्थान

इंदौर। हाल ही में क्यूएस एशिया रैंकिंग 2020 जारी हुई, जिसमें 557 प्रकाशित संस्थानों में से इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर को एशिया में 188वां स्थान प्राप्त हुआ। इस रैंक के तहत शैक्षणिक प्रतिष्ठा 30%, नियोक्ता प्रतिष्ठा 20%, संकाय छात्र 10%, पीएचडी के साथ स्टाफ 5%, पेपर पर फैकल्टी 10%, संकाय प्रति पेपर 5%; अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क 10%, अंतरराष्ट्रीय संकाय और छात्र 2.5% प्रत्येक, विनिमय छात्र (इनबाउंड और आउटबाउंड) 2.5 प्रतिशत मिला है। आईआईटी इंदौर सभी दूसरी पीढ़ी के आईआईटी में सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में उभरा है। आईआईटी ने पिछले वर्ष 241वीं रैंक हासिल की थी, यानी इस बार आईआईटी ने 53 पदों की छलांग लगाई है।